## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– यदि भाजपा की सरकार बनती है तो पहली कैबिनट की बैठक में रिक्त पड़े दो लाख 87 हजार सरकारी पदों को भरने का लिया जाएगा निर्णय।**
2. **राज्य में चुनाव प्रचार तेज होते ही दलों के बीच बढ़ी जुबानी जंग, भाजपा ने कहा– सरकार बनते ही घुसपैठिए होंगे बाहर, झामुमो बोली– भाजपा की साजिश होगी नाकाम।**
3. **भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप।**
4. **झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद कुल एक हजार दो सौ ग्यारह उम्मीदवार मैदान में, पहले चरण में 683 और दूसरे में 528 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेगी जनता।**

   **और**
5. **रांची, खूंटी और चाईबासा समेत राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटके, किसी तरह की हानि नहीं।**

**********************

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य के युवाओं के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। श्री चौहान ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में दो लाख 87 हजार सरकारी पदों को भरने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाएगा।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि यह जनता तय करेगी कि उन्होंने लोगों के लिए क्या किया है।

**********************

राज्य में चुनाव प्रचार में तेजी आ रही है। इस कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रांची पहुंचेंगे। वे पार्टी नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। श्री शाह कल पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के धालभूमगढ़, हजारीबाग जिले के बरकठा और चतरा जिले के सिमरिया में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करेंगे। इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवम्बर को चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा करेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पांच नवम्बर को राज्य में चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भी आठ या नौ नवम्बर को झारखण्ड आने की संभावना है।

**********************

भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा विचारधारा से भटक चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो के शासनकाल में झारखण्ड में धर्मान्तरण तेजी से बढ़ा है और बंगलादेश से आकर लोग यहां के गांवों पर कब्जा कर रहे हैं। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों से जमीनें वापस लेंगे।

**********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल नाम वापस लेने के बाद अब चुनाव मैदान में कुल एक हजार दो सौ 11 उम्मीदवार रह गए हैं। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा। इस चरण के लिए छह सौ 83 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि कल नाम वापस लेने के बाद दूसरे चरण के लिए पांच सौ 28 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जाएगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

**********************

भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो वो राज्य़ से घुसपैठियों को बाहर करते हुए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर–एन.आर.सी. लागू करेगी ।

इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान के खिलाफ है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाएगी।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ पत्र में उम्र को लेकर हुए विवाद पर आरोप–प्रत्यारोप जारी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चुनाव आयोग से इस पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 2019 के चुनाव में हेमंत सोरेन ने जो शपथ पत्र दिया था, उसमें उनकी उम्र 42 साल थी, लेकिन 2024 के शपथ पत्र में उनकी उम्र 49 साल बताई गयी है। श्री सेठ ने पूछा है कि पांच साल में ही हेमंत सोरेन की उम्र सात साल कैसे बढ़ गयी।

वहीं, रांची से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार महुआ माजी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को वास्तविक काम से कोई लेना–देना नहीं है।

**************************

राज्य की नयी मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक पूर्ण अनुशासन के साथ कामकाज होना चाहिए। इसके तहत समय की पाबंदी बनी रहे और निर्णय जल्द लिए जाने चाहिए। श्रीमती तिवारी आज प्रोजेक्ट भवन में पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं।

**************************

दुमका जिले की चारों विधानसभा सीटों के लिए कुल 59 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**************************

राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, राजधानी रांची समेत खूंटी, चाईबासा, सरायकेला–खरसांवा और जमशेदपुर में आए झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल में 4.3 थी। हालांकि, भूकंप से किसी तरह की जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है।

**********समाप्त****************